**मिलावट पर कार्यवाही करें, गड़बड़ी पाए जाने पर दुकानें सील करें**

# अवैध कालोनियों के नामांतरण राजस्व न्यायालय में नहीं होंगे : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को सभी एसडीएम और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की बैठक लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में जाए और अवैधानिक गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही करे। गरुण दल अपने दायित्वों का निर्वहन बिना किसी भय से करे। त्यौहारों का सीजन है, खाद्य, दूध और उससे बने उत्पादों में मिलावट पर कार्यवाही करे, गड़बड़ी पाए जाने पर दुकानें सील करे। इसके साथ अवैध कालोनियों पर भी कार्यवाही करे। कलेक्टर ने कहा कि अवैध कालोनियों के नामांतरण राजस्व न्यायालय में नहीं होंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से कहा कि नए सेट अप अंतर्गत राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करे। बैठक में अपर कलेक्टर सु मिशा सिंह, नाथूराम गोंड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।



## आंतरिक समिति का करें गठन

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अन्तर्गत आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जिस कार्यालय में दस या दस से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहा आंतरिक समिति का गठन अनिवार्यतः किया जाना है एवं जिन कार्यालयों में पहले से समिति गठित है और उसका कार्यकाल 3 वर्ष पूर्ण हो चुका है, उनका पुनर्गठन किया जाये। कलेक्टर सक्सेना ने निर्देश दिये कि समिति के गठन में कर्मचारियों में से कार्यालय में वरिष्ठ पद पर कार्य करने वाली महिला पीठासीन होगी। यदि वरिष्ठ पद पर महिला नहीं है तो उसी नियोक्ता के अन्य कार्यालय, इकाइयों, विभाग एवं कार्यस्थल से महिला कार्मचारी को नामित किया जायेगा। कर्मचारियों में से महिलाओं की समस्याओं के लिए प्रतिबद्ध, सामाजिक कार्य अनुभव एवं कानूनी ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सदस्य बाहरी होना चाहिए जिसमें सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली अशासकीय संस्थाओं से जिन्हें अधिनियम की जानकारी हो और महिलाओं के मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों। इस प्रकार नामनिर्देशित कुल सदस्यों में से कम से कम आधे सदस्य महिलाएं होंगी। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि आंतरिक समिति का गठन कर इसकी जानकारी कलेक्ट्रेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग कक्ष क्रमांकः-107 पर हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में तथा कार्यालय की मेल आईडी पर शीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी कार्यस्थल पर समिति गठित न होने की स्थिति में अधिनियम अनुसार नियोक्ता पर 50 हजार रूपये का जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान भी है।

## किसी भी स्थिति में जर्जर शाला भवनों में कक्षाएं नहीं लगेगी

कलेक्टर दीपक की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सु मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत,एडीएम नाथूराम गोड सहित सभी अधिकारी मौजूद थे। बैठक कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन सहित सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें।उन्होंने विशेष रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में जर्जर शाला भवनों में कक्षाएं नहीं लगेगी। उसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था करें, सुरक्षित भवन में ही कक्षाएं लगाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों कहा जर्जर भवनों को चिन्हित कर उनकी संख्या बताएं। साथ ही कहा कि जर्जर भवनों के सुधार है या मरम्मत के लिए जो राशि जारी की गई थी, उसका क्या हुआ, जानकारी दी जाए। बैठक में सड़कों पर आवारा पशुओं के प्रबंधन पर भी चर्चा की गई और कहा कि नगर निगम अपने हांका गैंग को सक्रिय करें और आवारा पशुओं प्रबंधन कराए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को हांका गैंग में जोड़ने के लिए प्रेरित करें ताकि मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं को काम किया जा सके। इसके अलावा आधार बनाने में आ रही समस्याओं की निराकरण पर भी चर्चा की गई।

# सूरजताल तालाब की हालत बहुत खराब

**160 अवैध निर्माण से ढका तालाब, कलेक्टर कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट**

जबलपुर।

अनुविभागीय अधिकारी गोरखपुर द्वारा कलेक्टर को प्रस्तुत सूरजताल तालाब के बारे में रिपोर्ट में बताया गया है कि 14.96 एकड़ के इस तालाब में वर्तमान चालू नक्शा शीट में नक्शा बटांक नहीं है और मौके पर लगभग 160 से अधिक निर्माण पाये गये जो कई वर्षो से बने हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार तालाब की भूमि बांटी गयी, शासकीय भूमि भी बांटी गई है। आज कलेक्टर न्यायालय में इस रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए डॉ.पी.जी.नाजपांडे सुनवाई के दौरान बताया कि इस तालाब का सीमांकन किया गया है फिर भी अतिक्रमणों को चिन्हित नहीं किया गया है। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि इस रिपोर्ट को लगभग तीन वर्ष हो गये लेकिन फिर भी सूरजताल तालाब के बारे में अभी तक ठोस कार्यवाही नही की गरइ है, नतीजा यह हुआ है कि इस ऐतिहासिक तालाब में सिर्फ गाजरघास और चौरइ नजर आती है। तालाब के आजू-बाजू में रइटों के भट्टे लगे रहते हैं, बस्ती का गंदा पानी इस तालाब में मिलता है। नतीजा यह हुआ कि आज सूरजताल तालाब का पानी हाथ धोने लायक भी नहीं बचा है। कलेक्टर ने निर्देश जारी किये की इस तालाब के संबंध में अभी तक कार्यवाही क्यों नहीं की गई तथा अब तत्काल कार्यवाही कर तालाब को सुरक्षित किया जाये। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने निर्देश जारी किये कि गंगासागर तालाब के संबंध में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मामलों की अगली सुनवाई 11 अगस्त 2025 को तय की गई।



# 2 दिन में बनी सड़क 1 महीने में उखड़ी

**घमापुर से लकड़गंज तक बनी 40 लाख की सड़क के धुर्रे उड़े**

जबलपुर।

शहर में नेताओं द्वारा लगाए गए विकास कार्यों के बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर, कई बार वास्तविकता से कोसों दूर होते हैं। घमापुर चौक से लकड़गंज की ओर जाने वाली सड़क इसका ताजा उदाहरण है, जहां हाल ही में बनी सड़क महज एक महीने के भीतर ही उखड़ने लगी है। खास बात यह है कि इस सड़क को बनाने में 40 लाख रुपए खर्च किए गए, लेकिन इसके निर्माण की गुणवत्ता पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले 13 वर्षों से इस मार्ग पर पक्की सड़क की मांग की जा रही थी। जून 2025 में आखिरकार नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण की घोषणा की गई और स्थानीय नेताओं ने पूरे मार्ग पर भूमिपूजन के बैनर और पोस्टर लगाकर इसे अपने खाते में डालने की कोशिश की। 7 जून को जनता के लिए सड़क को खोल दिया गया।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि निर्माण एजेंसी ने सड़क को सिर्फ दो दिन में बना दिया था। डामर से बनी इस सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि झाड़ू लगाने पर गिट्टियां अलग हो जाती हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं और डामर की परतें उखड़ चुकी हैं।

घटिया सड़क निर्माण को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। कई लोगों ने सड़क की हालत की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर नेताजी के बैनरों की तुलना सड़क की हालत से की। जहां सड़क की परतें उड़ गई हैं, वहीं एमआईसी के नेताजी के बैनर अब भी "चमकते" नजर आ रहे हैं।

सड़क किनारे लगे पोस्टरों के अनुसार, इस निर्माण कार्य की लागत 40 लाख रुपए बताई गई है। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी सड़क महज एक महीने में ध्वस्त हो गई।

सड़क निर्माण की जिम्मेदारी नगर निगम के अधीन थी, लेकिन जिस तरह से इसे दो दिन में तैयार कर जनता को सौंप दिया गया, उससे नगर निगम के इंजीनियरिंग विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। अब स्थानीय नागरिकों की मांग है कि इस सड़क निर्माण की स्वतंत्र जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# कलंक बना कुपुत्र, मां को मरने के बाद भी नहीं पहचाना!

## मोक्ष की टीम ने निभाया इंसानियत का धर्म, किया बुजुर्ग मां का अंतिम संस्कार

हरिभूमि, जबलपुर।

इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला जबलपुर से सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग माँ की मौत के बाद उसका बेटा आने तक को तैयार नहीं हुआ। मां को पहचानने से भी इनकार कर दिया। ऐसे वक्त में जब अपनों ने मुंह मोड़ा, तब मोक्ष मानव सेवा समिति की टीम ने आगे बढ़कर अंतिम जिम्मेदारी निभाई और बुजुर्ग मां का अंतिम संस्कार ससम्मान किया। कैलाशपुरी में रहने वाली 50 वर्षीय यशोदा ठाकुर पिछले पांच वर्षों से किराए के मकान में अकेली रह रही थीं। पति का पहले ही देहांत हो चुका था, और उनका इकलौता बेटा भारत ठाकुर जो विजयवाड़ा में नौकरी करता है, मां से वर्षों से अलग था।



### हालत बिगड़ने पर कराया भर्ती

गुरुवार को तबीयत बिगड़ने पर पड़ोसियों ने यशोदा को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। समाजसेवी आशीष ठाकुर और उनके सहयोगियों ने मेडिकल में यशोदा को भर्ती करवाया, जहां उन्होंने दोपहर करीब 2 बजे अंतिम साँस ली।

### मेरा कोई वास्ता नहीं

अस्पताल प्रशासन द्वारा बेटे को फोन पर मां की मृत्यु की सूचना दी गई, लेकिन उसने न केवल आने से मना किया, बल्कि फोन पर यह भी कह दिया कि मुझे कोई वास्ता नहीं, मैं नहीं जानता किसी यशोदा को। इसके बाद उसने फोन उठाना ही बंद कर दिया। जब बेटा मुंह मोड़ गया, तब मोक्ष सेवा समिति की टीम ने चौहानी श्मशान घाट पर यशोदा का अंतिम संस्कार किया और मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी।

### रिश्तों की बेरुखी उजागर

इस मार्मिक घटना ने रिश्तों की बेरुखी को उजागर कर दिया है। एक मां जो बेटे के लिए जीवनभर संघर्ष करती रही, आखिर में उसके ही द्वारा अनदेखी का शिकार हो गई

**-नशे से दूरी, है जरूरी अभियान में जबलपुर पुलिस की रचनात्मक पहल**

# नुक्कड़ नाटक और महिला बैंड की प्रस्तुति से दिया नशा मुक्ति का संदेश

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार प्रदेशभर में चल रहे ₹नशे से दूरी, है जरूरी₹ पंद्रह दिवसीय नशा मुक्ति जनजागरण अभियान के अंतर्गत जिले में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जागरूकता का संदेश देने हेतु अभिनव कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को थाना ओमती एवं ग्वारीघाट पुलिस ने एक रचनात्मक और प्रभावी पहल करते हुए आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया।



### वूमेन बैंड की शानदार प्रस्तुति-

थाना ओमती अंतर्गत कृष्ण अवतार मॉल (पीवीआर) में जानकी रमण कॉलेज की श्री जानकी वूमेन बैंड द्वारा मधुर गीतों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया एवं ओमती थाना स्टाफ की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए नशे के विरुद्ध जागरूक किया।

### वंदे मातरम चौक में नुक्कड़ नाटक-

वहीं वंदे मातरम चौक पर नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के सहयोग से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। लेखक व निर्देशक दविंदर सिंह ग्रोवर, विनय शर्मा, रविंद्र मुरहार, पराग तेलंग, मानसी सोनी, भूमिका झरिया और ऋतिक साहू के उत्कृष्ट अभिनय से लोगों को नशे की लत के विनाशकारी परिणामों के बारे में सजीव रूप से अवगत कराया गया। यह नाटक समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल रहा।

### यात्रियों और ऑटो चालकों को समझाइश

इसी कड़ी में थाना ग्वारीघाट क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास यात्रियों और ऑटो चालकों को एकत्र कर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और उन्हें ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ शपथ दिलाई गई।

## होस्टल में व्यवस्था को सुधारने के दिये निर्देश

**जबलपुर।** एसडीएम अधारताल के निर्देशन में जांच दल द्वारा आदिवासी छात्रावास अधारताल का निरीक्षण किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा हीटर से बिना फायर सेफ्टी व सुरक्षा व्यवस्था के खाना पकाने के तथ्य सामने आये। जांच दल द्वारा होस्टल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे भोजन बनाने की इस व्यवस्था को सुधारे अन्यथा किसी गंभीर घटना के घटित होने पर उनकी जिम्मेदारी होगी।

## पुलिस की छापेमारी में टूटी सियासी हनक, किंग्सवे कांड से कांप गई जबलपुर की राजनीति

# भाजपा नेता बना जुए के अड्डे का आका

**फरार होटल संचालक भाजपा नेता की तलाश जारी, मंडल उपाध्यक्ष पर पार्टी कर सकती हैं कार्यवाही**

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि, जबलपुर।

पाटन थाना क्षेत्र के किंग्सवे होटल स्थित व्यास मैरिज हॉल में चल रहे जुए के अड्डे पर की गई दबिश के बाद जहां एक ओर पुलिस की कार्रवाई की तारीफ हो रही है, वहीं दूसरी ओर भाजपा नेताओं की संलिप्तता ने पार्टी को असहज कर दिया है। जुआ फड़ का संचालन करने वाले होटल संचालक और पेशे से वकील सौरभ व्यास, उनका सहयोगी सुमित व्यास दोनों भाजपा से जुड़े हैं और फिलहाल फरार हैं। जिनकी तलाश के लिए पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है। दूसरी ओर जुए में पकड़ा गया भाजपा का मंडल उपाध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा पार्टी के लिए संकट बनता जा रहा है। अब इस पूरे मामले की गूंज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल तक पहुंच चुकी है, और खबर है कि पार्टी संगठन पंकज विश्वकर्मा पर आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही की तैयारी कर रहा है।

### कार्रवाई बनी मिसाल, रसूखदार भी नहीं बचे

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर गठित स्पेशल टीम ने बिना किसी राजनीतिक दबाव में आए 12 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। कार्रवाई की कमान संभाल रहे एसआई दिनेश गौतम के नेतृत्व में पूरी टीम ने दबिश दी। मौके से 1.67 लाख नगद, ताश की 8 गड्डियाँ, 13 मोबाइल, चार लग्जरी वाहन, रजिस्टर, प्लास्टिक फड़ बोर्ड ज़ब्त किए गए जो इस बात का प्रमाण हैं कि यह व्यवस्थित और स्थायी जुआ अड्डा था।

### अड्डे का सरगना, अब अंडरग्राउंड

होटल संचालक सौरभ व्यास जो पेशे से वकील और राजनीतिक रूप से भाजपा से जुड़ा व्यक्ति है, कार्रवाई के बाद से फरार है। उसका भाई सुमित व्यास भी लापता है। पुलिस ने दोनों के ठिकानों पर दबिश तेज कर दी गई है।

### भाजपा के लिए शर्मनाक स्थिति, कार्रवाई की मांग तेज

भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा की गिरफ्तारी ने पार्टी की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला अब प्रदेश भाजपा नेतृत्व तक पहुंच गया है और संभावना है कि पार्टी जल्द ही सार्वजनिक रूप से संगठनात्मक कार्यवाही कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और जबलपुर जिला इकाई से इस पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि भाजपा अपनी छवि बचाने के लिए अब कड़े फैसले लेने को मजबूर है।

### गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है

फरार होटल संचालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जल्द ही उसको पकड़ लिया जाएगा। शहपुरा पुलिस की भूमिका की जांच चल रही हैं जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-सूर्यकांत शर्मा, एएसपी ग्रामीण**

# रादुविवि में सुविधाओं का अभाव छात्र परेशान, हेल्पडेस्क नदारद

**एनएसयूआई कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन**

**जबलपुर।** रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को हर मामले में परेशान होना पड़ रहा है। शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक व छात्रावास जैसी मूलभूत व बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कई छात्रों को मार्कशीट और माइग्रेशन प्रमाण पत्र के लिए भटकाया जा रहा है। कुछ छात्रों को छात्रावास में सुविधाओं की कमी से जूझना पड़ रहा है छात्रावास भवन जर्जर हो चुके हैं छत से पानी टपक रहा है उक्ताशय का आरोप लगाते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव राजेंद्र कुमार बघेल को ज्ञापन सौंपा कर अनियमित्ताओं दूर करने की मांग की। छात्रनेता अनुराग शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय के देवेंद्र छात्रावास में प्रत्येक कमरों की छत का प्लास्टर जर्जर हालत में है। बारिश का पानी जगह-जगह टपक रहा है। छात्रों को सोने, पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। दीवारों में दरारें आ गई हैं। छत के सरिया बाहर निकल आए हैं। शौचालय की सफाई महीनों से नहीं हुई है। इससे पूरे परिसर में बदबू फैल रही है। वाटर कूलर खराब पड़ा है। स्वच्छ पानी के लिए छात्रों को बाहर से वॉटर कैन मंगवाना पड़ रहा है।

संगठन पदाधिकारीयों ने चेतावनी दी है कि विश्वविद्यालय प्रशासन इन अनियमितताओं को तत्काल दूर करने हेतु कार्रवाई करे और छात्रों की समस्याओं का समाधान करे अन्यथा विश्वविद्यालय में चरणबद्ध व उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अदनान अंसारी, एजाज अंसारी, युग ठाकुर, शफी खान, मो.वकार, ऐश्वर्य लोधी सहित अन्य मौजूद थे।

**कांवड़ यात्रा में नजर आये श्रद्धा और भक्ति के रंग**

# हिरन नदी से जल भरकर निकले हजारों कांवड़ियों ने बाबाताल में भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



हरिभूमि सिहोरा।

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को हिरन नदी खितौला से भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की झांकी के साथ निकली भव्य ऐतिहासिक एंव विशाल कांवड यात्रा में चल रहे हजारों कांवडियों के शिव मंदिर बाबाताल में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। यात्रा में चल रहे सिद्धन धाम लोढा पहाड के संत श्री सीताशरण जू महाराज ने भी भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया दिन भर बाबाताल भक्ति के रंग में नजर आया।



## चहूंओर दिखे श्रद्धा और भक्ति के नजारे

हर हर महादेव के जयघोष से सिहोरा खितौला का कोना कोना गुंजयमान हो गया। चहुंओर श्रद्धा और भक्ति के अजब नजारे देखने को मिले जो बता रहे थे की भोलेनाथ के प्रति लोगो में कितनी गहरी आस्था है।और इसी का परिणाम है की हर कोई स्वामेव ही इस भक्ति के रंग में खुद को रंगने के लिए सुबह से ही कांवड यात्रा में शामिल होने पहुच गया।यात्रा में रंगबिरंगे परिधानों में शामिल महिलाओं,बालिकाओं युवकों,पुरुषों का उत्साह देखते ही बन रहा था।दर्जनों ऐसी कांवड थी जो भक्तों ने बडे ही शानदार ढंग से स्वयं तैयार की थी । इस बार की यात्रा में एक खास नजारा देखने को मिला की दर्जनों लोग कांवड़ के साथ भगवा ध्वज भी लेकर चल रहे थे और भोलेनाथ के साथ साथ जय श्रीराम के नारे लगाते आगे बढ़ रहे थे। यात्रा में टीम बाबाताल सरकार की ध्वज यात्रा भी शामिल थी।

## यात्रा पर जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा

नगर उपनगर की भव्य कांवड यात्रा का जहां पूरे मार्ग में अनेक जगह खाद्य सामग्रियों के साथ पुराने बस स्टेंड में चाय का वितरण करने के साथ ही सिहोरा खितौला वासियों ने यात्रा पर अपने घरों प्रतिष्ठानों के अलावा पूरे मार्ग में पुष्प वर्षा कर भक्ति का अनूठा नजारा प्रस्तुत किया। कांवड में जल भरकर चल रहे कांवडियों ने अनुशासन के साथ एक एक करके शिव मंदिर में प्रवेश किया।

## इन मार्गो से होकर निकली कांवड यात्रा

नृसिंह मंदिर हिरन नदी घाट से कांवड में जल भरकर प्रारंभ हुई कांवड यात्रा रेलवे फाटक, खितौला बाजार,खितौला तिराहा,पेट्रोल पंप तिराहा,बाबाताल,हरदौल मंदिर,मैना कुआं,महावीर चौक,कालभैरव चौक,झंडा बाजार से पुराना स्टेट बैंक चौराहा,पुराना बस स्टैंड से होकर निकली इसमें शामिल कांवडियों ने शिवमंदिर बाबाताल पहुचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कांवड़ यात्रा में सिहोरा एंव खितौला पुलिस का यातायात व्यवस्था में सराहनीय योगदान रहा।

# आदर्श केसरवानी वैश्य सभा के कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक



**जबलपुर।** आदर्श केसरवानी वैश्य हाथीताल सभा के करीब 1500 कांवड़ियों के जत्था ने ग्वारीघाट माँ नर्मदा तट से जल लेकर गुप्तेश्वर में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ियों का जगह-जगह स्वागत किया गया एवं प्रसाद फल का वितरण हुआ। गुप्ता, केशरवानी समाज के करीब 1500 महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे, युवा कांवड़ियों का जत्था तीसरे सोमवार को सुबह 9:00 गुप्तेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुआ। समस्त कांवड़ियों ने ग्वारीघाट में माँ नर्मदा का पुष्प माला से पूजन अर्चन कर अपने कांवड़ में जल भरकर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ को अर्पित किया। इस अवसर पर केशरवानी वैश्य तरुण सभा के प्रदेश मंत्री एवं यात्रा के संयोजक गोपाल गुप्ता ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 1500 लोगों का जत्था माँ नर्मदा का जल भरकर गुप्तेश्वर मंदिर के लिए बड़ी सख्या में धूमधाम के साथ रवाना हुआ। हाथीताल, कैलाशपुरी, इन्द्रानगर से लोगों को एकत्र करके बसों द्वारा इन्हें ग्वारीघाट के लिए रवानगी की दी गई, ग्वारीघाट से सभी कांवड़िये माँ नर्मदा का जल लेकर माँ नर्मदा का जयकारा लगाते गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए। समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष श्रीकांत केशरवानी ने बताया कि यह केशरवानी समाज की कांवड़यात्रा पिछले 10 वर्षों से निकाली जा रही है समिति के सदस्य पुरुषोत्तम गुप्ता, हरिवंश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, विशेष केशरवानी, गोविन्द गुप्ता, कम्पू गुप्ता, मिश्रीलाल गुप्ता, कमलेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, अमर गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, ऋतिक गुप्ता, धीरज गुप्ता, रिक्की केशरवानी, सोनू केशरवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

# चैतन्य महाप्रभु नर्मदा संकीर्तन मंडल के द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा रुद्रा अभिषेक



**जबलपुर।** चैतन्य महाप्रभु नर्मदा संकीर्तन मंडल के द्वारा सावन माह में प्रतिदिन निःशुल्क रुद्रा अभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। सावन के उन्नीसवें दिन भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेकाचार्य पं. मोहित तिवारी द्वारा सुबह 7 बजे से वैदिक मंत्रों के साथ आईटीआई चुंगीनाका शिव मंदिर में संपन्न हुआ, पं मोहित तिवारी ने बताया कि सावन माह में भगवान शिव के अभिषेक पर सूरज की किरणें ओम नमः शिवाय का जप करती हैं। सावन मास रुद्रा अभिषेक संयोजक एवं संकीर्तन मंडल संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ, यहां किसी भी प्रकार कभी चंदा नहीं लिया जाता है। सह संकीर्तनचार्य सुरेश विश्वकर्मा के द्वारा भगवान शिव की अद्भुत प्रस्तुति की गई। 29 जुलाई मंगलवार को आरटीओ के पहले प्रोफेसर कॉलोनी वाली रोड के सामने चंद्र मोलेश्वर शिव महादेव मंदिर में लाल पटेल, पवन पटेल के सानिध्य में 7:30 से 9:30 तक रुद्राभिषेक के साथ भगवान नाम संकीर्तन किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद दीवान, संयोजक श्याम मनोहर पटेल, सह संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, मनोज गुलाबवानी, मनोहर विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, चंद्र कुमार पटेल, नरेश गुजराती, छन्नूराम पटेल, दीपक तिवारी, गणेश विश्वकर्मा, कंछेदी पटेल, सुखराम पटेल, सुनील नामदेव आदि उपस्थित रहे।



# नर्मदा जल से अभिषेक कर नागरिकों ने निकाली कांवड़ यात्रा

**बरेला।** सावन माह में भगवान शंकर की पूजा अर्चना का क्रम निरंतर जा रही है ।भक्त जगह जगह भगवान शिव के मंदिरों में अभिषेक कर रहे है ।इसी क्रम में नगर के शिवभक्तों ने नर्मदा तट खिरहनी घाट सेदस किलोमीटर पैदल चलकर मेंनगर में वार्ड नंबर नौ और ग्यारह स्थित शिव मंदिर में नर्मदा जल चढ़ा कर कांवड़ियों ने अभिषेक किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष शिव भक्त कावड यात्रा में शामिल हुए ।

# शिवमंदिर बाबाताल में भी हुआ पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**सिहोरा।** शिवमंदिर बाबाताल में तीसरे सोमवार को भी ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में सभी वर्ग के लोगों ने सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया तथा उनका अभिषेक पूजन पंडित अरुण मिश्रा ने विधिवत कराकर हिरन नदी में विर्सजन किया गया। इस आयोजन में पूर्व विधायक दिलीप दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, अनीता दुबे,अश्वनी कुमार पाठक,नन्द कुमार परोहा, शैलेन्द्र दुबे,अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री प्रवीण कुररिया, नरेंद्र त्रिपाठी,कृष्ण गोपाल पाठक,सुरेन्द्र तिवारी,सुनील तिवारी संजू दुबे,ऋचा पाठक,सुमन पाठक, प्रिया पाठक, मानसी दाहिया, सोनम चौबे का योगदान रहा।



# वनवासी विकास परिषद में हरियाली तीज उत्सव मनाया गया

**जबलपुर।** हरियाली तीज के पावन अवसर पर वनवासी विकास परिषद जबलपुर के महाकौशल प्रांत कार्यालय के सभाकक्ष में परिषद की महिला समिति द्वारा हरियाली तीज उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीप्ति सुलेरे, मनीष खरे, पूजा रजक, टिकेश्वरी साहू, बबीता मेहरा, सुषमा केवट, मोनालिसा डे, वंदना आनंद, लता पैगवार, पूजा जिलानी, प्रेमलता मिश्रा आदि की उपस्थिति सराहनीय थी। भारतीय संस्कृति श्रद्धा और सौंदर्य के इस पर्व पर वनवासी विकास परिषद के महिला समिति की महिलाओं ने सावन के गीतों के साथ झूले का भी आनंद जमकर उठाया, तत्पश्चात तरह-तरह के गेम्स, नृत्य एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित की।





# कुलदीप धर्मपुरिया बने संभागीय अध्यक्ष

**जबलपुर।** नामदेव समाज विकास परिषद के सचिव कुलदीप धर्मपुरिया को अखिल भारतीय बजरंग सेना का संभागीय अध्यक्ष बनाया गया है, साथ ही श्री श्याम सेवा धाम द्वारा धर्मपुरिया को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह दोनों ही दल मानव सेवा के साथ ही धार्मिक सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाएं है। श्री धर्मपुरिया को इन नियुक्तियों पर नामदेव समाज विकास परिषद ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# नागपंचमी पर आज घर-घर पूजे जायेंगे नागदेवता

**सिहोरा।** चौरसिया दिवस एंव नागपंचमी के पावन पर्व पर जहां नागदेवता आज घर घर पूजे जायेंगे वहीं सिहोरा खितौला के चौरसिया समाज द्वारा खितौला स्थित बरझा तालाब में अपने आराध्य देवता भगवान श्रीगणेश, नागबेल, चौहटिया महाराज, मनिया देव आदि का श्रद्धा भक्ति भाव के साथ पूजन अर्चन किया जायेगा। इसी तरह नगर उपनगर के सभी शिव मंदिरों में भी सुबह से ही भक्त गण जाकर भोलेनाथ को दूध अर्पित करने के साथ पूजन अर्चन करेंगे।



## चौरसिया दिवस, नाग पंचमी पर होंगे कार्यक्रम

**जबलपुर।** महाकोशल चौरसिया संघ के द्वारा आज नाग पंचमी (चौरसिया दिवस) पर्व के अवसर पर भगवान श्री गौरी 11:30 से शंकर मंदिर, पान दरीबा में सुबह भोजन प्रसादी का आयोजन महाकोशल चौरसिया संघ की ओर से किया गया है। कार्यक्रम में पहुंचने की अपील संघ के अध्यक्ष श्री शैलेश चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद चौरसिया, नरेश पटेल, आशीष, राकेश (पप्पू), के के, अतुल बनारसी, अनीश, राजू आदि ने की है।

## हरियाली तीज पर दिखी प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक छटा

**सिहोरा।** नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति द्वारा हरियाली तीज का आकर्षक प्रतियोगिताओं के माध्यम से उत्सव मनाया गया। जिसमें भारतीय परंपरा और लोक संस्कृति की अनुपम झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक 'कजरी गीत प्रतियोगिता' से हुई जिसमें प्रथम रश्मि ब्यौहार,द्वितीय बीना अरोरा,तृतीय सीमा घोष रहीं इसके पश्चात 'मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता' में अनुष्का सिंह प्रथम,राजेश्वरी द्वितीय और अंशिका तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम की अंतिम और सबसे आकर्षक कड़ी रही तीज क्वीन प्रतियोगिता' जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक परिधान, आत्मविश्वास और सौंदर्य के साथ मंच पर प्रस्तुत किया जिसमें नीता पहारिया प्रथम,अंजना मिश्रा द्वितीय,आकांक्षा गर्ग तृतीय स्थान पर रहीं कार्यक्रम मीनू परिहार,सारिका साहू,सुषमा गौतम, भावना गौतम के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया था। निर्णायक मंडल की भूमिका में रमा सरावगी,ममता गुप्ता,अंजली गोलू पांडे,कार्तिका गुप्ता,नीतू सिंघई रहीं। संस्था द्वारा शोभा मिश्रा,प्रतीक्षा मिश्रा नव वधुओं की ओली डाली गई। बाबाताल में आयोजित कार्यक्रम में पार्षद बेबी विनय पाल, रीता शुक्ला,सुषमा कर्चुली,अंजू पहारिया,रश्मि तिवारी,रीता पहारिया,किरण नकारा,आरती तिवारी आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

# एकल अभियान वन बंधु परिषद ने किया पौधरोपण



**बरेला।** संच बरेला एकल अभियान वन बन्धु परिषद द्वारा सोमवार को एकल अभियान कि तरफ से वृक्षारोपण कार्य की गया जिसमें वशिष्ठ अतिथि शांति पटेल दीदी संभाग महिला प्रमुख, गारिम दीदी, गोताम यादव, दुर्गा झारिया, चंद्र कुमार चौकसे, सतोष ठाकुर, आशीष शुक्ला, रश्मि लोधी, ज्योति ठाकुर आचार्य सभी कि उपस्थित में एक पेड मां के नाम पौधारोपण किया गया।

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक किया गया

**मझौली।** सावन महीने के तीसरे सोमवार को नगर में जगह-जगह पार्थिव शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक किया गया। भगवान विष्णु वाराह मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है प्रति दिन शिवलिंग निर्माण रूद्राभिषेक किया जा रहा है। गांधी भवन मझौली में शिवपुराण कथा का आयोजन किया गया है।





**श्रीमति शिखा डेविड-** रामलीला मैदान बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्रीमति शिखा डेविड पति स्व. पुष्पराज डेविड उम्र 71 वर्ष का निधन सोमवार सुबह हो गया है। वे एकता पीटर और अनुपम डेविड की मां थी। उनका अंतिम संस्कार बिलहरी कब्रिस्तान में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजमुनि दुबे-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री कमलकांत दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती राजमुनि दुबे (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप झारिया-** नई बस्ती आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री लटकन झारिया के पुत्र श्री प्रदीप झारिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री लक्ष्मी नारायण विनोदिया-** रामपुर आजाद चौक निवासी श्री श्याम लाल विनोदिया के पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण विनोदिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सदन लाल रजक-** समदडिय़ा रेसीडेंसी ब्यौहारबाग पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री सदन लाल रजक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राहुल श्रीवास-** बड़ी खेरमाई दुर्गा चौक निवासी श्री विजय श्रीवास के पुत्र श्री राहुल श्रीवास (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश कुमार कश्यप-** फूटाताल दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री किशोर कुमार कश्यप के पुत्र श्री आकाश कुमार कश्यप (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजीव कुमार बर्मन-** छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री संजीव कुमार बर्मन (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छाया रानी मंडल-** कटियाघाट शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री मंसाराम मंडल की धर्मपत्नी श्रीमती छाया रानी मंडल




(73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नीलेश यादव-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री नंद लाल यादव के पुत्र श्री नीलेश यादव (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा पवार-** संस्कार कॉलोनी न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री राम प्रसाद पवार की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पवार (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गायत्री सरीन-** दत्त टावर नेपियर टाउन शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री विनोद सरीन की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री सरीन (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन लाल कोरी-** गली नं. 6, बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास पोलीपाथर निवासी श्री लखन लाल कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रियांशु वर्मा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मुकेश वर्मा के पुत्र श्री प्रियांशु वर्मा (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कविता मेघानी-** कास्मो सिटी गोरखपुर नर्मदा रोड निवासी श्री पृथ्वीराज मेघानी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता मेघानी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बुद्धा बाई रजक-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री नरबद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती बुद्धा बाई रजक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

# नशामुक्ति, बीज-खाद कालाबाजारी, पीएम आवास योजना, लखपति दीदी पर शिवराज ने की चर्चा

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने रायसेन में 'दिशा समिति' की बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को रायसेन में 'जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा)' की बैठक की।

बैठक में नशामुक्ति, खाद कालाबाजारी, नकली खाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लखपति दीदियों, जल संरचना, ऊर्जा विभाग के कामकाज की प्रगति सहित अन्य जनकल्याण विषयों पर गहन चर्चा हुई।



### 'नकली खाद बेचना महापाप, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने जिले में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान योजनावार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि, खाद की कालाबाजारी या नकली खाद बेचकर किसानों के साथ महापाप करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले में मूंग उपार्जन कार्य की भी जानकारी ली तथा उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। चौहान ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि रायसेन जिले को विकास और जनकल्याण के मामले में मॉडल बनाएं। जनप्रतिनिधि और अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें। जो भी पात्र व्यक्ति योजना के हितलाभ से वंचित रह गया है तो उसे शीघ्र योजना का लाभ दिलाया जाए। निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हों इसके लिए सघन मॉनीटरिंग की जाए।

### पीएम आवास की किश्त समय पर जारी हो: चौहान

चौहान ने आवास प्लस के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना का क्रियान्वयन इस प्रकार हो कि हितग्राहियों को समय पर किश्त की राशि जारी हो। निर्माण कार्यों में लापरवाही न हो और कार्य समय पर पूरे हो इसके लिए जिला स्तर पर सघन मॉनीटरिंग की जाए। वर्ष 2024-25 में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कुल 27 हजार 981 आवास स्वीकृत किए गए जिनमें से 4 हजार 825 पूर्ण हो गए हैं और 23 हजार 156 प्रगतिरत हैं।

### 'हर गांव मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए'

केन्द्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नवनिर्मित और निर्माणाधीन सड़कों के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में प्रत्येक गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ा जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 276.236 किमी लम्बाई की 30 सड़कें स्वीकृत की गई जिनमें से 28 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इसी प्रकार योजना के तहत स्वीकृत किए गए 13 पुलों में से 09 पुलों का कार्य पूर्ण हो गया है। बैठक में एनएचएआई के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

### 'कृषि विभाग को खेतों में जाकर फसलों का निरीक्षण करने के निर्देश'

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि, कृषि विभाग का अमला खेतों का भ्रमण करें और फसल में रोग की समस्या होने पर किसानों को उचित कीटनाशक के प्रयोग की जानकारी दें। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से किसानों को खेती की उन्नत और नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जाए। केंद्रीय मंत्री ने रबी फसल हेतु अभी से तैयारियां करने के भी निर्देश दिए। जिले की बासमती धान विदेशों में रिजेक्ट किए जाने की जानकारी संज्ञान में लाने पर केन्द्रीय मंत्री ने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को बताएं कि जो कीटनाशक विदेशों में प्रतिबंधित हैं उनका उपयोग ना करें।

## खबर संक्षेप



### सहकारिता राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने मनोज गुप्ता

**भोपाल।** रविवार को मप्र सहकारिता विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता को सर्वसम्मति से संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक सेवानिवृत्त अपर आयुक्त अरुण माथुर, ब्रजेश शरण शुक्ल व पीएस तिवारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संयुक्त आयुक्त अरुणा दुबे एवं महेंद्र दीक्षित को उपाध्यक्ष, संयुक्त आयुक्त केके द्विवेदी को जनरल सेक्रेटरी, आरएस विश्वकर्मा उपायुक्त को कोषाध्यक्ष जबकि

### आम आदमी पार्टी डोडाचूरा के संबंध में देंगी ज्ञापन

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी डोडाचूरा के सम्बन्ध में 29 जुलाई को प्रदेशभर में ज्ञापन सौंपेगी। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के नाम से कलेक्टर कार्यालय में सौंपे जाएंगे। आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रमेश गुर्जर ने बताया कि नीमच, मंदसौर, रतलाम जिले में हजारो किसान अफीम काश्तकार है और वर्तमान में कई सालों से अफीम कास्तकारो का डोडा चूरा खरीदने के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति सरकार द्वारा नहीं बनाई गई है। पुलिस द्वारा केस दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर डोडा चूरा किसानों से खरीदी को लेकर भी असमंजस बना हुआ है।

## आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने समीक्षा के बाद 8 ठेकेदारों को किया ब्लैक लिस्ट

# नगरीय निकायों के विकास कार्यों में अनियमितता बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों ने कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निविदा प्रक्रियाओं को प्रभावित किया है, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार जिन ठेकेदारों के खिलाफ भी जांच की प्रक्रिया जारी है। उन्हें जल्द ही ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। इस कठोर कदम के माध्यम से विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक और समय पर पूरे हों। अभी 8 कंपनियों के ठेकेदारों को उनके कार्यों आदि के परीक्षण के बाद ब्लैकलिस्ट किया गया है। यह कंपनियां आगामी निविदा प्रकियाओं में भाग नही ले सकेंगी।

### यह हैं ब्लैक लिस्टेड कंपनियां

नगरीय प्रशासन विभाग ने जिन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया है, उनमें मे. यादव ट्रेडर्स (खरगौन), मे. हेमन्त जैन एण्ड एसोसिएट्स (इन्दौर), मे. कार्तिक इन्टरपाईजेस (इन्दौर), मे. शिवम कन्स्ट्रक्शन (शिवपुरी), मे. विक्की कुमार तुरकोलिया (चम्पारण, बिहार), मे. यशोदा मार्केटिंग (पटना, बिहार), मे. केएलडी क्रिएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि (कानपुर, उत्तरप्रदेश) और मै. पौराणिक ट्रेडर्स नागौद शामिल हैं। इसके अलावा अमृत 2.0 योजना में 44 निविदाकारों की ओर से निविदा स्वीकृत होने के उपरांत अनुबंध की कार्रवाई नहीं करने से गुण दोष के आधार पर सस्पेंशन और ब्लैकलिस्टिंग पर भी विचार किया जा रहा है।

### कार्यों की धीमी गति होगी दुरुस्त

आयुक्त भोंडवे ने बताया कि यह कार्रवाई विभाग की ओर से गुणवत्ता सुधार और कार्यों की धीमी गति को दुरुस्त करने के लिए एक मिशन के रूप में की जा रही है। इसके तहत ठेकेदारों की ओर से की गई अनियमितताओं और खराब गुणवत्ता के कारण उन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया है। अब वे भविष्य में लोक निर्माण विभाग के पोर्टल पर काली सूची में दर्ज होंगे।

# आंगनबाड़ियों और खेल से सीखने की शक्ति को बढ़ावा मिलेगा

### आनंदमय शिक्षा का परिपोषण करने आंगनबाड़ियों का मनाया उत्सव



एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) की 50 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केईएफ फाउंडेशन ने एक विशेष कार्यक्रम बचपन का त्यौहार का आयोजन किया। इसने 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आनंदमय शिक्षा का परिपोषण करने वाले स्थान के रूप में आंगनवाड़ियों का उत्सव मनाया।

### एसीएस शमी ने पुस्तक का विमोचन किया

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव (एसीएस) रश्मि अरुण शमी ने 'बचपन का त्यौहार' नामक एक कहानी-पुस्तक का विमोचन किया। एसीएस श्रीमती शमी ने कहा कि यह खेल सीखने का सबसे अच्छा तरीका है, बच्चे यह बिना कुछ जाने ही सीख जाते हैं। खासकर छोटे बच्चों के लिए, यह उनके बचपन का आनंद लेने का सबसे अच्छा तरीका है। माता-पिता के लिए भी इसमें शामिल होने का एक बेहतरीन तरीका है। आंगनवाड़ी केंद्र इसे और बेहतर बना सकते हैं, ताकि हर बच्चा फल-फूल सके। छतरपुर की एक गौरवान्वित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने कहा, हम सिर्फ बच्चों को पढ़ाने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि हम भी उनसे हर दिन सीखते हैं। यह मेरे केंद्र में आने वाले बच्चों, उनके अभिभावकों, सरकारी विभाग और समुदाय के बीच एक मजबूत बंधन और जोश भरा सहयोग है। आंगनवाड़ी केंद्र, जो अक्सर ग्रामीण भारत की शिक्षा का आधार होते हैं, बच्चों को जुड़ाव, जिज्ञासा और सामूहिक देखभाल का एक विरल आवरण प्रदान करते रहते हैं।

## इंदौर मेट्रो का पूरा सेक्शन इसी साल के अंत तक शुरू करने की तैयारी: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर मेट्रो ट्रेन के शेष कार्यों की प्रगति की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इंदौर में मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि इंदौर मेट्रो का पूरा सेक्शन, जो सुपर कॉरीडोर से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन चौराहा) तक इसी साल के अंत तक शुरू हो जाए। इससे इंदौर शहरवासियों को पूर्ण मेट्रो ट्रेन सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि इंदौर और भोपाल में विश्वस्तरीय मेट्रो ट्रेन सेवा समय पर शुरू हो, जिससे आमजन को सार्वजनिक परिवहन का एक सरल, सहज, सुगम, बेहतर और सुरक्षित माध्यम मिल सके।

## 'मन की बात' लोकतंत्र और देशभक्ति सशक्त बनाने वाला कार्यक्रम: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री-सांसदों सहित कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देशवासियों को संबोधित किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के शाहपुरा मंडल के वार्ड क्रमांक 50, बूथ क्रमांक-202 के शील पब्लिक स्कूल गुलमोहर में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल के पाढर मंडल के बूथ क्रमांक 339, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रायसेन के खरवई मंडल के बूथ क्रमांक 88, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने करुणाधाम मंडल के वार्ड क्र 27, कोटरा कमला नगर, कम्युनिटी हॉल, बूथ क्र. 48 एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल ग्रामीण जिले के हर्राखेडा मंडल के गुनगा बूथ के बूथ क्रमांक 209 स्थित सामुदायिक भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मन की बात सुनने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम लोकतंत्र और देशभक्ति को सशक्त बनाने वाला कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही विकास यात्रा में हम सबको सहभागी बनना चाहिए। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने की सकारात्मक जानकारियां साझा होती हैं और आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं।

# सीएम साय ने पुष्पवर्षा कर किया कांवड़ियों का स्वागत

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम शर्मा भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम



सावन माह के तीसरे सोमवार को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में स्थित बाबा भोरमदेव में एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और सनातन आस्था का जीवंत प्रतीक बन गया है। यहां आज सुबह करीब 11.30 बजे सीएम विष्णुदेव साय ने हेलीकॉप्टर से भोरमदेव मंदिर परिसर पहुंचकर कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं, भक्तों व कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यह लगातार दूसरा वर्ष है, जब सीएम ने स्वयं श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा से स्वागत किए है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ सरकार की सनातन परंपरा, लोक आस्था व श्रद्धालुओं के प्रति सम्मान के भाव को दर्शाता है, जो राज्य के सांस्कृतिक मूल्यों को संजोने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, डिप्टी सीएम विजय शर्मा व अरुण साव भी मौजूद थे। इसके बाद सभी ने मंदिर में पूजा अर्चना की। बता दें कि सावन माह में भोरमदेव मंदिर का विशेष धार्मिक महत्व है। तीसरे सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या और उनकी आस्था दोनों ही चरम पर है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, बेमेतरा, खैरागढ़, राजनांदगांव, बलौदा बाजार, मुंगेली, बिलासपुर समेत अन्य जिलों से हजारों की संख्या में कांवड़िए भोरमदेव पहुंचते हैं। साथ ही, मां नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक से जल लेकर पदयात्रा करते हुए भोरमदेव मंदिर पहुंचते हैं और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं।

# वन कर्मचारी नौ अगस्त से शुरू करेंगे पोस्टकार्ड आंदोलन

वन कर्मचारियों की बैठक में पारित हुआ छह सूत्रीय प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित वन कर्मचारी नौ अगस्त से पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू करने जा रहे है। रविवार को इंदिरा निकुंज नर्सरी 74 बंगला में आयोजित मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 9 अगस्त 2025 से छह सूत्रीय मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम प्रांत व्यापी पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू किया जाएगा।

पांडे ने बताया कि बैठक में छह सूत्रीय मांगों का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें वन रक्षकों को 5680/1900 ग्रेड पे का वेतनमान सन 2006 से देने, दैनिक वेतन भोगी से वन रक्षक बने वन रक्षकों को दैनिक वेतन भोगी सेवा कल की वरिष्ठता देने, कंप्यूटर ऑपरेटर को संविदा नियुक्ति एवं पीएफ सुविधा का लाभ देने, स्थाई कर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियमित करने, वाहन चालकों को नियमित वेतनमान देने एवं बीमा करने, सुरक्षा श्रमिकों को तीन साल की सेवा के बाद अर्द्ध कुशल का वेतन एवं पांच साल की सेवा के बाद कुशल श्रमिक का वेतन भुगतान करने की प्रमुख मांग शामिल की गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि छह संवर्ग के वन कर्मचारी एक अगस्त को प्रधान मुख्य वन संरक्षक हाफ को छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे।

# उप महानिरीक्षक अविनाश संजीव को किया सम्मानित



▶ सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत शहीदों के श्रद्धांजली अर्पण से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमपी के सेक्टर के महानिरीक्षक सुमनकान्त तिग्गा के द्वारा सीआरपीएफ के महत्व के बारे में बताते हुए अफसरों और जवानों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर अविनाश शरण उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र भोपाल, संजीव रंजन उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र भोपाल को महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा विशेष प्रशंसा डिस्क और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बॉलीबाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## आईएएस नियाज खान ने मुस्लिम देशों को जमकर लगाई फटकार

**भोपाल।** मप्र कॉडर के सीनियर आईएएस नियाज खान ने सऊदी अरब समेत सभी मुस्लिम देशों को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों का रवैया देखकर उन्हें मुस्लिम कहलाने में शर्म महसूस होती है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब को इस्लाम की जन्म स्थली माना जाता है, पर मुस्लिमों पर जहां भी मुसीबत आती है, यह देश नपुंसक बन जाते हैं। मुझे तो मुसलमान कहलाने में शर्म आ रही है।

आईएएस खान ने कहा कि मेरे विचार से 57 मुस्लिम देशों में इस्लाम सऊदी अरब से ही पहुंचा है। ऐसे में दुनिया में मुसलमान पर कहीं भी मुसीबत में हो तो, सऊदी अरब को पहले आवाज उठानी चाहिए। जिस प्रकार से फिलिस्तीनियों की हत्याएं गाजा में हो रही है, सऊदी अरब मौन धारण किए हुए हैं।

# सतर्कता विभाग की दबिश, डिप्टी रेंजर के घर मिले डेढ़ करोड़

### 6 अन्य ठिकानों पर चल रही कार्रवाई, सोना-चांदी के आभूषण भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बस्तर से लगे ओड़िसा में रविवार की सुबह सतर्कता विभाग की टीम ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर के घर दबिश दी, इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर के घर से डेढ़ करोड़ रुपये नगद के अलावा उनके 6 ठिकानों में कार्रवाई की गई। बता दें कि बस्तर से सटे ओड़िशा के रेंज में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। यहां आय से अधिक संपत्ति मामले में सतर्कता विभाग ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर रामचंद्र नेपक के 6 ठिकानों पर छापेमारी की है। जैपुर और भुवनेश्वर समेत 6 जगहों पर छापेमारी के दौरान गोल्डन हाइट्स अपार्टमेंट से भारी मात्रा में नकदी और सोना मिला है। अब तक विजिलेंस डेढ़ करोड़ रुपए से ज़्यादा नगद जब्त कर चुकी है। इसके साथ ही विजिलेंस ने भारी मात्रा में सोने और चांदी के आभूषण भी जब्त किए हैं। जैपुर विजिलेंस एसपी रवींद्र कुमार पांडा के नेतृत्व में छापेमारी अभी भी चल रही है। इस खबर को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा था है कि ओड़िशा और बस्तर की सरहद पर बसे माचकोट-तिरिया इलाके में घना जंगल है, जबकि ओड़िशा का जंगल पूरी तरह से साफ हो चुका है। ऐसे में इस संभावना को बल मिलता है कि ओड़िशा के वन अमले के संरक्षण में लकड़ी तस्कर कहीं बस्तर के जंगलों को चट तो नहीं कर रहे, जिसकी शिकायत आए दिन मिलती रहती है।

## उच्च स्तरीय बैठक की समीक्षा के दौरान बोले दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे बीएसएनएल के 400 टॉवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में डिजिटल संचार को सशक्त बनाने के लिए 400 नए बीएसएनएल टावर लगाने की योजना पर कार्य कर रही है। ग्रामीण विकास और दूरसंचार राज्यमंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर ने रायपुर में कहा कि इन टावरों की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों और वन विभाग से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया, 'बीएसएनएल आज देश में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं दे रहा है और इस विस्तार के साथ हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाने के मिशन को साकार कर रहे हैं।' डॉ. शेखर ने रायपुर में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग, डाक विभाग, दूरसंचार विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



### 'पिंक आटो' को बताया सशक्त कार्य

बैठक के दौरान मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के तेज़ और प्रभावशाली क्रियान्वयन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण आधारभूत संरचना और आवास क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही हैं। राज्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'पिंक ऑटो' जैसे नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत महिलाओं को स्वामित्व वाले पिंक ऑटो प्रदान किए जा रहे हैं। यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकती है। उन्होंने कहा की स्वसहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और विपणन अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है। डॉ. शेखर ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को 'मिशन मोड' में लागू किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सेवाएं घर-घर तक पहुँचाने की रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में विद्यालयों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे छात्रों को अब जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिल रही है। इसके साथ ही, दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं, जो एक संवेदनशील और समावेशी पहल है।

# तड़के से देर रात तक चला शिवजी के अभिषेक का सिलसिला

# श्रावण सोमवार पर निकले गाजे बाजे के साथ ध्वज जुलूस

जबलपुर।

श्रावण मास के तृतीय सोमवार पर शहर में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। भगवान शिव के अभिषेक का सिलसिला सुबह से देर रात तक चला। जबलपुर में श्रावण सोमवार पर मां शारदा मंदिर मदनमहल और शिवालयों में लाल ध्वज चढ़ाने का विशेष महत्व है। लिहाजा तृतीय सोमवार को बाजेगाजे के साथ दिन भर ध्वज जुलूस निकलते रहे।

## दुग्धाभिषेक के आयोजन

नगर के शिवालयों में सुबह से ही ''ओम नमः शिवाय'' के महामंत्र जप के साथ भगवान शिव की आराधना प्रारंभ हुई। सायंकाल महा आरती का दौर चला और जहां-तहां भगवान भोलेनाथ के रूद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक के आयोजन हुये। मदन महल की पहाड़ियों पर स्थित मां शारदा देवी के मंदिरों में सावन सोमवार का मेला भरा। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाल ध्वज लेकर मां शारदा की वंदना करने पहुंचे। ढोल-ढमाकों के साथ जुलूस की शक्ल में श्रद्धालु पहुंच रहे थे और मंदिर परिसर में पूजन सामग्री, खेल खिलौनों की दुकान, प्रसाद की दुकानें लगी हुई थीं। सावन के झूले भी पड़े हुये थे।



## मदन महल और गुप्तेश्वर में लगी भीड़

बड़े-बूढ़े और जवान सावन मेले का आनंद उठाते हुये मदन महल स्थित मां शारदा के दरबार में पहुंच रहे थे। भगवान शिव का नर्मदा जल से जलाभिषेक करने के लिये कांवर लेकर कांवड़यि नर्मदा तटों पर पहुंचे और वहां से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया। नगर के अति प्राचीन श्री स्वयंभू सिद्ध पीठ गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी। गुप्तेश्वर भगवान का फूलों से श्रंगार किया गया था। इसी प्रकार विजय नगर कचनार सिटी स्थित भोलेनाथ के विशाल मंदिर में विराजमान 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां पर पं.आचार्य सुरेन्द्र दुबे ने भगवान का अभिषेक किया और महामृत्युंजय जाप निरंतर चल रहा है। सुबह से शाम तक भीड़ लगी रही। इसके अलावा नगर व उपनगरीय क्षेत्रों में भी शिव मंदिरों में श्री पाठबाबा मंदिर, शिव शक्ति मंदिर घमापुर, बड़े शंकर जी के मंदिर, बड़े महावीर शंकर मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान हुये।

# नागपंचमी: आज घर-घर पूजे जाएंगे नागदेवता

जबलपुर।

नागदेवता की पूजा अर्चना का महापर्व नागपंचमी आज मनाया जायेगा। नागपंचमी पर घर-घर में नागदेवता की पूजा कर उन्हें फूल, चांवल, चंदन चढ़ाकर दुग्धपान कराया जायेगा और श्रद्धालु नागदेवता से अपनी रक्षा और खेत खलिहानों में फसलों की रक्षा करने की प्रार्थना करेंगे। शहर के अति प्राचीन और प्रसिद्ध नागमंदिर गौरीघाट में भी इस अवसर पर विशेष अनुष्ठान आयोजित किये जा रहे है। नागपंचमी पर मल्लयुद्ध (दंगल) और बाजी के करतब की भी अति प्राचीन परंपरा है। नागपंचमी के दिन अखाड़ों में भी विशेष पूजा अर्चना कर पटा बनैटी का प्रदर्शन किया जाता है। ये परंपरा प्राचीन तो है लेकिन आधुनिकता की होड़ में सब कुछ विलुप्त होता जा रहा है। वनों से सांपों को पकड़ने पर वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा लगायी गई रोक के बाद अब सपेरे नजर नहीं आते है, पहले एक पखवाड़े पूर्व से सपेरे शहर में आ जाते थे और बीन बजाकर घर-घर नागदेव के दर्शन कराकर दान-दक्षिणा लेते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा हैं। आज नागपंचमी है और एक दिन पूर्व तक एक भी सपेरा नजर नहीं आये। वन विभाग की नजर सपेरों पर होने के कारण अब गिने चुने सपेरे ही नजर आयेंगे।



बहरहाल धार्मिक मान्यताओं को पर्यावरण से जुड़े इस त्योहार को श्रद्धा और आस्था से मनाया जायेगा। घर-घर नागदेवता की पूजा की जायेगी। सनातनी संस्कृति में ऐसी मान्यता है, कि पृथ्वी भगवान शेषनाग के फन पर टिकी हुई है। प्रकृति के सर्वाधिक विषधर का मनुष्य के प्रति समर्पण भाव और देवता के रूप में उनकी मान्यता भी नागपंचमी के रूप में पूजा अर्चना कर की जाती है। अखाड़ों में होने वाले प्रदर्शन भी अब नगण्य हो गये है। सपेरों की कमी के कारण बाजी के करतब भी देखने में नजर नहीं आते है। दंगलों के आयोजनों की भी कमी हो गई है। नागदेवता का शिवजी से सीधा संपर्क है। वे शिवजी के गले का हार हैं और श्रावण मास शिवजी की विशेष आराधना का होता है। ऐसे में शिवजी का अभिषेक और नागदेवता की पूजा से श्रद्धालुओं को दोगुने पुण्य की प्राप्ति होगी।



## दुर्गा हनुमान मंदिर में भी हुआ रुद्राभिषेक

**जबलपुर**। सरस्वती कॉलोनी श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति द्वारा श्रावणमास तृतीय सोमवार को सामूहिक रुद्राभिषेक का विशाल आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में 12 बजे से पं.वासुदेव शास्त्री द्वारा भगवान शिव जी का वैदिक मंत्रों के साथ पूजन अर्चन कराया गया। ओम नमः शिवाय मंत्र के साथ शंखनाद कर भोग हवन महाआरती के साथ अभिषेक किया गया। पूजन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, राजेश शर्मा,नवीन नेमा,राकेश बदल,प्रशांत गुप्ता,सुनील ताम्रकार, नितिन दुबे,आशीष नेमा,प्रभा शर्मा,शकुन ठाकुर,कीर्ति चौहान,प्रीति चौहान, सुनीता शर्मा,सरिता दुबे, दीपिका सोनी, कीर्ति, वर्षा, इंदु साहू, प्रदीप सोनी, अरविन्द शर्मा,अमर केवट, आदि सैंकड़ों मातृशक्ति भक्तजन उपस्थित रहे।

# महिला महासंघ ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर किया रुद्राभिषेक

## शिवभक्तों को किन्नर समाज ने बांटे सिक्के और चूड़ियां

जबलपुर।

जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी के दिशा निर्देश पर संगठन के महिला महासंघ द्वारा श्रावण मास के तीसरे सोमवार को सदर श्री रामलीला मैदान में पं हिमांशु त्रिपाठी के द्वारा मुख्य पूजन पाठ एवं विधिवत विशाल शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रांत अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र की माताओं बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक कर बाबा महाकाल महामृत्युंजय का आशीर्वाद प्राप्त किया इस आयोजन कि विशेषता यह रही कि किन्नर अखाड़े से भी किन्नर माही शुक्ला एवं सदस्यों द्वारा सभी को सिक्के और चूड़ियां शगुन के तौर पर भेंट की गई। इस धार्मिक आयोजन की सफलता के लिए श्रीमती राधा तिवारी, छाया कुरील, किरण ठाकुर, माया ठाकुर,



ममता रजक, नीलू स्वामी, श्वेता बैन, सीमा बैन, संगीता पिल्ले,सपना तालेवर, संध्या सिंह, सुप्रीया तिवारी, कृष्णा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, कामना कुरचानिया, संध्या जयसवाल को सभी ने बधाइयां और शुभकामनाएं दीं इसके अलावा संगठन से वीरेंद्र साहू, सुमित यादव, आशीष चोपड़ा, राजीव राय, मृगांक शुक्ला,सनी चड्ढा,शिव राव,टिन्नू तालेवर, सतीश जाटव, रोहित बैन, अर्जुन बैन, नितिन नामदेव, मोतीलाल बैन,शरद राव, प्रशांत यादव, संतोष मिश्रा, विशाल श्रीवास्तव इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## कलश शोभायात्रा से शिव महापुराण कथा व पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रारंभ

**जबलपुर**। श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर दुर्गानगर रामपुर में कलश शोभायात्रा से श्री शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण का शुभारंभ 28 जुलाई को हुआ। आयोजक ओमप्रकाश महावर ने बताया कि 06 अगस्त तक चलने वाली कथा में व्यासपीठ से पं. रूपनारायण शास्त्री अपनी रसमयी वाणी से श्री शिव महापुराण कथा का रसास्वादन कराएंगे। आयोजन के मुख्य यजमान श्रीमती नर्मदा महावर व विनोद-गीता महावर हैं।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**गोरखपुर जबलपुर**
प्रकरण क्रमांक 0669/अ6/25-26
**// आम इश्तहार//**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजेश गोखे पिता शंकर लाल निवासी म.न.19 चंदन कॉलोनी गंगानगर गढा द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक फौती के माध्यम से मौजा पडुआ न.व... प.ह.न. 21/4 खसरा नंम्बर 179/1, 180/2 - रकवा 0.730 हेक्टर फौती नामांतरण से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विकय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/हस्तान्तरण पत्र/हकत्याग पत्र / दान पत्र / फौती दर्ज कर नामांतरण एवं नशा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण / बटवारा स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को काई आपत्ति हो तो यह लिखित आपत्ति पेशी दिनांक... तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/08/25 को जारी
जारी दिनांक 21/7/25
पेशी दिनांक 01/08/25
अतिरिक्त तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
गोरखपुर, जबलपुर

# रोटरी क्लब ऑफ संस्कारधानी ने 25वां पदस्थापना समारोह मनाया

**जबलपुर**। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी ने शनिवार 26 जुलाई को 25वें पदस्थापना समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर रोटे. अरुण गुप्ता ने क्लब के 25वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला, जबकि रोटे अभिषेक अग्रवाल ने सचिव और रोटे. अनिल अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष का पद ग्रहण किया। नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने रोटरी के प्रति अपनी आस्था, निष्ठा और समाज सेवा के संकल्प को दोहराया। रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी की स्थापना 1 अगस्त 2000 को संस्थापक अध्यक्ष रोटे. अरुण गुप्ता द्वारा "मन के हारे हार है, मन के जीते जीत" के अटल



विश्वास और "संकल्प सिद्धि" के विचार के साथ की गई थी। यह विचार कि कल्पना ही सृजन का बीज है, क्लब की स्थापना का आधार रहा है। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के 25वें शपथ ग्रहण समारोह की विस्तृत जानकारी मीडिया चेयरमैन और रोटरी क्लब संस्कारधानी के डायरेक्टर पब्लिक इमेज, पूर्व क्लब अध्यक्ष रोटे. नितिन जैन द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर जबलपुर के सभी रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ-साथ रोटरी डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ पदाधिकारी, वरिष्ठ रोटेरियंस, नगर के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, उद्योगपति, व्यावसायिक संस्था प्रमुख, शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## मेंहगू उस्ताद अखाड़ा में वीर बजरंग बली पूजन आज

**जबलपुर**। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मेंहगू उस्ताद अखाड़ा पीपल मोहल्ला गोरखपुर में नागपंचमी पर्व के उपलक्ष्य में महाबली वीर बजरंग बली का पूजन अर्चन 29 जुलाई को मध्यान्ह 01 बजे से आयोजित है। तदोपरांत अखाड़ा चल समारोह निकाला जाएगा जो क्षेत्र का भ्रमण करते गुलाटी पेट्रोल पम्प पहुंचेगा जहां अखाड़ा के पहलवानों द्वारा पारंपरिक पटा-बनेठी का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन में उपस्थिति का अनुरोध समस्त खलीफागण एवं अखाड़ा समिति सदस्यों व पहलवानों ने किया है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव भव्यता से मनाने यादव समाज ने की बैठक

**जबलपुर**। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर की अति आवश्यक बैठक 27 जुलाई को दोपहर एक बजे से शांति नगर जे.डी.ए. मार्केट काली जी के मंदिर के सामने श्रीसुन्दर टॉवर में आयोजित हुई। बैठक आगामी माह में आयोजित किये जाने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव को लेकर आयोजित की जा रही है जिसमें सभी स्वजातीय बंधुओं से विचार विमर्श कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर चर्चा की गई कि कैसे इस आयोजन को और भव्य रूप प्रदान किया जाये और अधिक से अधिक स्वजातीय बंधु आयोजन में शामिल हो सकें। बैठक उपरांत



मुख्यमंत्री मोहन यादव के ससुर जिनका विगत दिवस रीवा में निधन हो गया था जिनकी आत्मा शांति के लिए दो मिनिट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि भी दी गई। उपस्थित की अपील प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, कांवड़ यात्रा संयोजक शिव यादव, ग्रामीण अध्यक्ष राममिलन यादव, युवा अध्यक्ष शशांक यादव, पूर्व पार्षद राजेश यादव, ऋषि यादव, प्रदीप यादव, टीकेन्द्र यादव, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रदीप यादव, युवा ग्रामीण अध्यक्ष सर्वेश यादव, गौरैया यादव, राजमणि यादव, विजय यादव, महिला शहर अध्यक्ष तृप्ति यादव, आरपी यादव, महिला कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विनीता यादव, आदि ने की है।

**आम सूचना**
मैं अपने पक्षकार सुयश श्रीवास्तव, पिता श्री संजय श्रीवास्तव, निवासी- 215 गुलौआ ताल वीर सावरकर वार्ड, गढ़ा, जबलपुर वालो से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 19.06.2024 को एक अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया जो कि मौजा गोरखपुर, राजस्व निरीक्षण मंडल गोरखपुर, खसरा नं. 281, 272, 273/1, 138/3 में स्थित रकवा 0.0930, 0.3240, 0.0060, 0.4810 हैक्टेयर कुल चार खसरे कुल रकवा दो एकड़ 22 डेसीमिल भूमि का इकरारनामा संजय पटेल, पिता- श्री राम दास पटेल, संजीवनी नगर लोधी मोहल्ला गढा, जबलपुर वालों से 8 करोड़ 60 लाख रूपयों में किया गया है जिसमें की मेरे पक्षकार द्वारा 35 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है उक्त संपत्ति संजय पटेल के द्वारा अपने मित्र रमेश काछी, पिता- श्री राम कुमार काछी, से दिनांक 28.05.2023 को अनुबंधित की गई थी और उसी के आधार पर मेरे पक्षकार से अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है और उक्त अनुबंध पत्र के पश्चात् रमेश काछी ने अपने मित्र संजय पटेल के पक्ष मे मुख्त्यारनामा निष्पादित किया उक्त मुख्त्यारनामा मेरे पक्षकार को दोनों के द्वारा दिखाया गया था किंतु उसके पश्चात् संजय पटेल द्वारा अग्रिम कार्यवाही करने में हीलाहवाली की जा रही है जबकि मेरे पक्षकार द्वारा अनेको बार संजय पटेल से संपर्क स्थापित करके संजय पटेल से अग्रिम कार्यवाही करने के लिये कहा गया है और उस संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र हेतु राशि की व्यवस्था व अन्य तैयारी कर ली गई थी। मेरे पक्षकार को यह जानकारी लगी है कि संजय पटेल और रमेश काछी मिलकर उक्त संपत्ति को किसी और को विक्रय करने का प्रयास कर रहे है जबकि मेरे पक्षकार द्वारा इस सूचना के उपरांत शीघ्र ही सक्षम न्यायालय में व्यवहार वाद प्रस्तुत किया जायेगा इसलिये आम जन को यह सूचित किया जाता है कि कोई भी उक्त संपत्ति को ना खरीदे ना ही किसी भी प्रकार का संव्यवहार करे अगर कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक किसी भी प्रकार का संव्यवहार करते है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा साथ ही न्यायालीन हर्जे खर्चे के जिम्मेदार स्वयं होंगे।
जबलपुर दिनांक 28/07/2025
रमन विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
कार्या./निवास- 5 आर. 40 कचनार गेट के पास, विजयनगर जबलपुर
मो.9755978676, 7000232567



## हरियाली तीज पर मातृ शक्तियों ने किया गायत्री दीप महायज्ञ एवं पौधारोपण

**जबलपुर**। आनंद नगर आधारताल स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर में विगत दिवस हरियाली तीज के पावन अवसर पर गायत्री दीप महायज्ञ एवं भजनों का भव्य आयोजन वृक्षारोपण के साथ विधिवत सम्पन्न्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में गायत्री परिवार की मृदुला शर्मा ने श्री राम दरबार का पूजन अर्चन कर मातृ शक्तियों के साथ गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन संपन्न कराया। इसी तारतम्य में मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें फलदार एवं छायादार पेड़ों में आम, केला, जामुन, आंवला, बेलपत्र के पौधे मंदिर परिसर में मातृ शक्तियों के द्वारा रोपे गए। अंत में मां गायत्री जी की आरती स्तुति व प्रसाद वितरण पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर समस्त मातृ शक्तियां हरे परिधान में हरी चूड़ियां पहने शोभायमान हो रही थीं जिनमें मृदुला शर्मा के साथ ही मंजु शुक्ला, रचना गौर, प्रतिभा राठौर, ऋचा विश्वकर्मा, मीना पहाड़िया, राखी पहाड़िया, रश्मि पहाड़िया,भारती वर्मा के साथ ही भारी संख्या में मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही।

# भू-माफिया दे रहे जेसीबी से कुचलने की धमकी

## पीड़ित ने कलेक्टर को बताई व्यथा

जबलपुर।

डबोला चरगवां तहसील शहपुरा जिला जबलपुर निवासी दालचंद परस्ते ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर बताया कि मेरी जमीन पर भू-माफिया जेसीबी चलाकर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है, साथ ही मुझे जेसीबी से कुचलने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि मैं आदिवासी परिवार से हूं और मेरी जमीन पर दबंग भू-माफिया विनोद श्रीपाल निवासी ग्राम गंगई 21 जुलाई को मेरे पास आया और धमकाते हुए जेसीबी से खसरा नम्बर 42/2 की जमीन जेसीबी से पुराने लगा, जबकि यह जमीन मेरी है और उस पर मेरा मालिकाना हक है। विनोद श्रीपाल उक्त जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर कब्जा करना चाह रहा है। मेरे मना करने पर उसका कहना है कि मेरे रास्ते से हट जा नहीं तो तुझे और तेरे परिवार को जेसीबी से कुचलवा दूंगा, जिससे हमारा परिवार दहशत में है। उन्होंने अनुरोध किया है कि मामले में शीघ्र कार्यवाही जाए अन्यथा वे 15 अगस्त को अपने पूरे परिवार सहित आत्महत्या कर लेंगे, जिसका जिम्मेदार प्रशासन की होगा।

# एमईएस कामगार यूनियन की प्रांतीय बैठक संपन्न

जबलपुर।

एमईएस कामगार यूनियन मध्य प्रदेश एरिया जबलपुर की प्रांतीय बैठक जबलपुर के रांझी मस्ताना बारात घर में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीपीएमएस के कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश सिंह, नरेंद्र तिवारी, कामगार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह, महामंत्री त्रिभुवन सिंह, दशरथ प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप



प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओल्ड पेंशन स्कीम डिपार्टमेंट के प्रमोशन रिस्ट्रक्टिंग, आठवीं सीपीसी एवं बोनस को डीए से लिंक करने, सीजीएचएस सुविधा को कैशलेस करने के मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जी ईस्ट जी वेस्ट जी सागर जी भोपाल एवं सीडब्ल्यूई महू के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 28/07/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक जायसवाल पिता श्री राम चरण जायसवाल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 1574/दुर्गा चौक कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000388044 पर निर्मित भूतल 800 वर्गफुट RCC दान पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री संदीप जायसवाल पिता श्री रामचरण जायसवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 28/07/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ऋचा तिवारी पिता श्री भूनेन्द्र प्रसाद तिवारी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक 1138/2 पचपेढ़ी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000397947 पर निर्मित भूतल 972 वर्गफुट RCC, प्रथम तल 972 वर्गफुट RCC, द्वितीय तल 300 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री निशिकांत चौधरी पिता श्री बामनराव चौधरी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर